औद्योगिक आयात शहरी विकास आदि जैसे अन्य क्षेत्रों के लिये 5.989 अरब डालर।

(ग) ऊपर (क) के उत्तर को देखते हुए विश्व बैंक समूह की सहायता में से कृषि विकास और सिंचाई पर किए गए खर्च का प्रतिशत निर्धारित करना संभव नहीं है। फिर भी, यह कहा जा सकता है कि कार्यक्रम में इन क्षेत्रों को उच्च प्राथमिकता दी जाती है।

**प्राविडेंस पेपर मिल्स लिमिटेड, बम्बई द्वारा भुगतान की गई उत्पादन शुल्क और सीमा शुल्क की राशि और उस पर आयकर की बकाया राशि**

8908. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या उप प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि .

(क) क्या प्राविडेंस पेपर मिल्स लिमिटेड, न्यू स्टैण्डर्ड इंजीनियरिंग कम्पाउन्ड, घोड़बन्दर रोड, सान्ताक्रुज बम्बई ने गत तीन वर्षों में पृथक-पृथक उत्पादन शुल्क और सीमा शुल्क की कितनी कितनी राशि का भुगतान किया है और उन के विरुद्ध आयकर की कितनी राशि बकाया है; और

(ख) इन फर्मों में अब तक कितनी कितनी राशि का पुंजीनिवेश किया गया है और उनके भागीदार कितने हैं और अन्य किन उद्योगों और व्यापारों में वे भागीदार हैं और उन में उन का कितना कितना पुंजीनिवेश है और उन पर गत तीन वर्षों की आयकर की कितनी राशि बकाया है ?

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सतीश अग्रवाल)**: (क) मेसर्स प्राविडेन्स पेपर मिल्स लिमिटेड बम्बई, बहुत पहले 6 सितम्बर, 1969 को विघटित हो गई थी। इसलिए फर्म द्वारा गत तीन वर्षों के दौरान किसी प्रकार के उत्पादन शुल्क/सीमा शुल्क दिए जाने का प्रश्न ही नहीं उठता।

उपर्युक्त फर्म की ओर आयकर की बकाया रकम वर्ष 1961-62 के लिए 972 रु० तथा 1966-67 के लिये 1733 रु० थी।

(ख) फर्म के विघटन के समय इस के निम्नलिखित भागीदार थे :—

(1) श्री जीवनदास वी० सम्पत

(2) श्री जयन्तीलाल एम० दानी

(3) श्री साईदास बसीन

(4) श्री रामदास भोलानाथ

प्रश्न के भाग (ख) में पूछी गयी और कोई सूचना सरकार के पास इस समय उपलब्ध नहीं है और इसे एकत्र करने में जो बहुत अधिक समय और श्रम लगेगा वह उस से प्राप्त होने वाले परिणामों के अनुरूप नहीं होगा।

**प्रीमियर पेपर मिल्स लिमिटेड, बम्बई द्वारा उत्पादन शुल्क, सीमा शुल्क का भुगतान और उसकी ओर आयकर की बकाया राशि**

8909. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या उप प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) गत तीन वर्षों में प्रीमियर पेपर मिल्स लिमिटेड, वास्वान भवन, 120, दिनशा वाचा रोड, बम्बई ने उत्पादन शुल्क और सीमा शुल्क का अलग-अलग कितना भुगतान किया और उस के ऊपर आयकर की कितनी राशि बकाया है; और

(ख) इस फर्म में इस के आरम्भ होने के बाद से अब तक वर्षवार कितनी पूंजी लगी है, और इस के भागीदारों की संख्या कितनी है और वे किन अन्य उद्योगों और व्यवसायों में भागीदार हैं और उन में कितनी पूंजी लगी है तथा गत तीन वर्षों से उन पर आयकर की कितनी राशि बकाया है ?

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सतीश अग्रवाल)** : (क) प्रीमियर पेपर मिल्स लिमिटेड, बम्बई द्वारा गत तीन वर्षों में अदा किए गए उत्पादन शुल्क की रकम का विवरण निम्नलिखित है —

| | रु० |
|---|---|
| 1975-76 | 3,00,155 |
| 1976-77 | 7,93,951 |
| 1977-78 | 7,21,326 |

आयातकर्ताओं/निर्यातकर्ताओं से वसूल किए गए सीमा शुल्क का वर्षवार कोई रिकार्ड नहीं रखा जाता है। अत. उक्त कम्पनी द्वारा गत तीन वर्षों में अदा किए गए सीमा शुल्क की रकम से संबंधित जानकारी सरकार के पास उपलब्ध नहीं है। उक्त कम्पनी की ओर आयकर की बकाया रकम, यदि कोई हुई, तो उस के सम्बन्ध में जानकारी एकत्र की जा रही है और सदन-पटल पर रख दी जायेगी।

(ख) मेसर्स प्रीमियर पेपर मिल्स लिमिटेड महाराष्ट्र राज्य में एक पंजीकृत कम्पनी है और इस के पंजीकरण की तारीख 13-10-1960 है। महाराष्ट्र के कम्पनियों के रजिस्ट्रार द्वारा चुकता पूंजी की रकम के बारे में दिया गया ब्यौरा नीचे दिये अनुसार है :—

| निम्नलिखित तारीख की स्थिति के अनुसार तुलन-पत्र | चुकता पूंजी |
|---|---|
| | रु० |
| 31-12-1961 | 12,50,000 |
| 31-12-1962 | 18,75,000 |
| 31-12-1963 और 31-12-1964 | 24,96,250 |
| 31-12-1965 और 31-12-1966 | 29,42,000 |

31-3-1968 से 31-3-1977 तक की समाप्त अवधि के तुलन पत्र के अनुसार कम्पनी की चुकता पूंजी की रकम 29,42,000 रु० है।

**बल्लारपुर सीमा इण्डस्ट्रीज, नई दिल्ली द्वारा उत्पाद शुल्क तथा सीमा शुल्क की अदायगी और उनकी तरफ आयकर की बकाया राशि**

8910. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या उप प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बल्लारपुर, इण्डस्ट्रीज बल्लारपुर डिवीजन थापर हाउस, 124 जनपथ, नई दिल्ली ने गत तीन वर्षों के दौरान उत्पाद शुल्क तथा सीमा शुल्क के रूप में कितनी राशि अदा की और उन पर आयकर की कितनी राशि बकाया है, और

(ख) इस फर्म में आरम्भ से अब तक वर्षवार कितनी पूंजी का निवेश हुआ है इस के भागीदारों की संख्या कितनी है, और वे अन्य किन किन उद्योगों तथा व्यापारों में भागीदार हैं और गत तीन वर्षों के समय का उन पर कितना आयकर बकाया है; ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सतीश अग्रवाल) : (क) उल्लिखित कम्पनी द्वारा पिछले तीन वर्षों के दौरान अदा किए गए केन्द्रीय उत्पादन शुल्क से संबंधित सूचना नीचे दी गई है :—

| वर्ष | अदा की गयी उत्पादन शुल्क की रकम |
|---|---|
| | रु० |
| 1975–76 | 3,61,04,087 |
| 1976–77 | 5,26,76,891 |
| 1977–78 | 5,94,63,200 |

आयातकर्ताओं, निर्यातकर्ताओं से वसूल किए गए सीमा-शुल्क का वर्षवार कोई रिकार्ड नहीं रखा जाता है। अतः कम्पनी द्वारा गत तीन वर्षों में अदा की गयी सीमा शुल्क की रकम से संबंधित जानकारी सरकार के पास उपलब्ध नहीं है।

कम्पनी की ओर आयकर की बकाया रकम यदि कोई है, तो उस के संबंध में सूचना एकत्र की जा रही है और सदन-पटल पर रख दी जायेगी।

(ख) बल्लारपुर इण्डस्ट्रीज लिमिटेड जो (पहले बल्लारपुर पेपर एण्ड स्ट्रा बोर्ड मिल्स लिमिटेड के रूप में ज्ञात थी) एक कम्पनी है जो कम्पनी अधिनियम के अन्तर्गत महाराष्ट्र राज्य में रजिस्टर्ड है और इस के रजिस्ट्रेशन की तारीख 26 अप्रैल, 1945 है। कम्पनी कार्य विभाग में उपलब्ध तुलन-पत्रों के अनुसार कम्पनी की चुकता पूंजी के बारे में सूचना निम्नानुसार है :—

| निम्नलिखित अवधि के दौरान समाप्त होने वाले तुलन-पत्र के अनुसार | चुकता पूंजी (लाख रुपयों में) |
|---|---|
| 30-6-1950 | 58 70 |
| 30-6-1951 | 58.74 |
| 30-6-1952 | 64.51 |
| 30-6-1953 | 72 43 |
| 30-6-1954 | 72 76 |
| 30-6-1956 | 75.18 |
| 30-6-1957 | 75 18 |
| 30-6-1958 | 75.19 |
| 30-6-1959 | 75.30 |
| 30-6-1960 | 75.30 |
| 30-6-1961 | 159 63 |
| 30-6-1962 | 160.96 |
| 30-6-1963 | 161.10 |
| 30-6-1964 | 161.10 |
| 30-6-1965 | 161.10 |
| 30-6-1966 | 172.99 |
| 30-6-1967 | 180.00 |
| 30-6-1968 | 231.84 |
| 30-6-1969 | 231.84 |
| 30-6-1970 | 557.37 |
| 30-6-1971 | 557.37 |
| 30-6-1972 | 762.30 |
| 30-6-1973 | 762.30 |
| 30-6-1974 | 762.30 |
| 30-6-1975 | 762.30 |
| 30-6-1976 | 1377.12 |
| 30-6-1977 | 1377.12 |

(यह उल्लेखनीय है कि कम्पनी का तुलन-पत्र समस्त कम्पनी के लिये तैयार किया गया है, न कि एकक-वार आधार पर) ।

**स्पेशलटी पेपर मिल्स लि० मौराय, जिला बलसार के सम्बन्ध में उत्पादन शुल्क, सीमा शुल्क की अदायगी और उनकी ओर बकाया आयकर**

8921. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या उप प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) "स्पेशलटी पेपर मिल्स लि० मौराय, विया-बापी जिला बलसार" द्वारा गत तीन वर्षों में उत्पादन शुल्क